>

Title: Need to construct a Rail Over Bridge at Koderma, Jharkhand.

श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता (हज़ारीबाग) : महोदय, हजारीबाग प्रमण्डल के अंतर्गत कोडरमा जिला मुख्यालय से होकर कोलकाता-नई दिल्ली वाया गया रेलवे लाइन का मुख्यालय मार्ग है। कोडरमा रेलवे स्टेशन के पूर्व सटा हुआ पटना-रांची मुख्य मार्ग है, जिस मार्ग से होकर प्रतिदिन हजारों-हजार वाहन आते-जाते हैं1 रेल आने की सूचना पाकर दोनों तरफ वाहन को घंटों इंतजार करना पड़ता है। कभी-कभी जान-माल की क्षति भी होने की संभावना बनी रहती है।

इस संबंध में मैंने माननीय रेल मंत्री जी को कई पत्र लिखकर उपरगामी पुल निर्माण करवाने के लिए अनुरोध कर चुका हूं, परन्तु आज तक कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है।

अतः मैं माननीय अध्यक्ष जी के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि कोडरमा रेलवे स्टेशन पर उपरगामी पुल निर्माण शीघ्र किया जाये।